C. प्रतिबिम्ब पार्श्व परिवर्तित होता है ।

D. प्रतिबिम्ब का साइज़ बिम्ब के साइज़ के बराबर होता है ।

(1) A, B, C
(2) A, C, D
(3) B, C, D
(4) A, B, D

77. निम्नलिखित में से क्या विज्ञान की प्रकृति के संदर्भ में सही नहीं है ?

(1) विज्ञान सीखने का अंत:विषयक क्षेत्र है ।
(2) विज्ञान हमेशा अस्थायी है ।
(3) विज्ञान संदेहवाद को बढ़ावा देता है ।
(4) विज्ञान तथ्यों के समुच्चय के समतुल्य है ।

78. राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2005 के अनुसार 'अच्छी विज्ञान शिक्षा' होनी चाहिए –

(1) विज्ञान शिक्षक के प्रति निष्ठ
(2) बच्चे के प्रति निष्ठ
(3) विद्यालय के वातावरण के प्रति निष्ठ
(4) कक्षा-कक्ष संस्कृति के प्रति निष्ठ

79. एक अच्छी विज्ञान शिक्षा पाठ्यचर्या की निम्नलिखित में से कौन सी वैधता की संतुष्टि क्रियाकलाप और प्रयोग द्वारा होती है ?

(1) संज्ञानात्मक
(2) ऐतिहासिक
(3) पर्यावरण संबंधी
(4) प्रक्रियात्मक

80. Anu took her class VIII children to field trip. Which of the following could be the most appropriate objective/s for this activity ?

A. It encourages interaction among children.

B. It promotes process skills through concrete experiences.

C. It enhances observation skills among the children.

D. It breaks the monotony of class as well as of teacher.

(1) A, B and C
(2) B and C only
(3) A, C and D
(4) A and C only

81. Which of the following should NOT be an objective of science education at the upper primary level ?

(1) Nurturing the natural curiosity of children.
(2) Inculcating the values of co-operation and concern for life.
(3) Cultivating scientific temper.
(4) Emphasising the textbook definitions of concepts.

82. Which of the following can enhance critical thinking among children ?

(1) Asking children to read science textbook in the class.
(2) Asking children to read the extended learning given at the end of the textbook.
(3) Asking children to discuss among themselves in groups followed by sharing in large group.
(4) Demonstration of experiments by the teacher.

80. अनु कक्षा VIII के बच्चों को शैक्षिक भ्रमण के लिए लेकर जाती है । इस क्रियाकलाप के लिए निम्नलिखित में से क्या सबसे अधिक उपयुक्त उद्देश्य हो सकता है ?

A. यह बच्चों के मध्य अंतःक्रिया को प्रेरित करता है ।

B. यह ठोस अनुभवों के द्वारा प्रक्रिया कौशलों को बढ़ावा देता है ।

C. यह बच्चों के अवलोकन कौशलों को बढ़ाता है ।

D. यह शिक्षक और कक्षा की एक लय को तोड़ता है ।

(1) A, B और C
(2) केवल B और C
(3) A, C और D
(4) केवल A और C

81. निम्नलिखित में से क्या उच्च प्राथमिक स्तर पर विज्ञान शिक्षा का उद्देश्य नहीं होना चाहिए ?

(1) बच्चों की प्राकृतिक जिज्ञासा का पोषण करना ।
(2) जीवन के प्रति झुकाव और सहभागिता के मूल्यों का विकास करना ।
(3) वैज्ञानिक स्वभाव का विकास करना ।
(4) अवधारणाओं की पाठ्य-पुस्तकीय परिभाषाओं पर बल देना ।

82. निम्नलिखित में से क्या बच्चों में समालोचनात्मक चिंतन को बढ़ावा दे सकता है ?

(1) बच्चों से कक्षा में विज्ञान की पाठ्यपुस्तक को पढ़ने के लिए कहना ।
(2) बच्चों को पाठ्यपुस्तक के अंत में दिए गए अधिगम विस्तार को पढ़ने के लिए कहना ।
(3) बच्चों को समूह में आपस में चर्चा और इसके उपरांत बड़े समूह में साझा करने को कहना ।
(4) शिक्षक के द्वारा प्रयोग का प्रदर्शन ।

83. A teacher begins the class by demonstrating the chemical test of starch in a given sample of food. The cognitive process associated with the underlined word in the above statement is

(1) Creating
(2) Analysing
(3) Applying
(4) Understanding

84. Which of the following activities will NOT provide for active learning among children ?

(1) Establishing science club
(2) Organisation of field trip
(3) Developing a science corner
(4) Listening to a lecture in class

85. Which of the following is used for finding the learning gaps of learners in Science ?

A. Concept map
B. Anecdotal record
C. Portfolio
D. Term end achievement test

(1) D only
(2) A and D
(3) A, B and C
(4) B, C and D

86. Which of the following tools is based on the technique of observation ?

(1) Oral test
(2) Written test
(3) Paper-pencil test
(4) Anecdotal record

83. एक शिक्षक कक्षा का आरंभ एक दिए गए भोजन के नमूने में मंड का रासायनिक परीक्षण का प्रदर्शन करके करता है। उपरोक्त कथन में रेखांकित शब्द से संबंधित संज्ञानात्मक प्रक्रिया है।

(1) सृजन करना।
(2) विश्लेषण करना।
(3) अनुप्रयोग करना।
(4) बोध करना।

84. निम्नलिखित में से कौन सी गतिविधि बच्चों में सक्रिय अधिगम का प्रावधान नहीं करेगी ?

(1) विज्ञान क्लब की स्थापना
(2) क्षेत्र भ्रमण का आयोजन
(3) विज्ञान का कोना बनाना
(4) कक्षा में व्याख्यान सुनना

85. विज्ञान में निम्नलिखित में से किसके द्वारा सीखने में कमी का पता लगाया जाता है ?

A. अवधारणा मानचित्र
B. वर्णन अभिलेख
C. पोर्टफोलियों
D. सत्र अंत उपलब्धि परीक्षण

(1) केवल D
(2) A और D
(3) A, B और C
(4) B, C और D

86. निम्नलिखित में से कौन सा साधन अवलोकन आधारित है ?

(1) मौखिक परीक्षण
(2) लिखित परीक्षण
(3) कागज पैंसिल परीक्षण
(4) वर्णन अभिलेख

87. Which of the following statements are correct ?

A. Pashmina shawl is made from hair of goats.

B. Angora is a type of wool obtained from Rabbits.

C. Camel wool is used to make carpets.

D. Pashmina wool is obtained from rabbits.

(1) A & C
(2) A & B
(3) B & C
(4) C & D

88. Identity the animal on the basis of features listed below :

A. Long back bone

B. Many muscles

C. Body curves into many loops for moving forward

(1) Snake
(2) Earthworm
(3) Snail
(4) Hook worm

89. Which of the following statement is <u>NOT true</u> ?

(1) All arteries carry oxygen rich blood.
(2) All arteries carry oxygen from heart to other parts.
(3) Arteries have thick walls.
(4) Arteries have elastic walls.

90. Which of the following represents correct matching order ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | Acetic acid | I. | Curd |
| B. | Lactic acid | II. | Spinach |
| C. | Oxalic acid | III. | Citrus fruits |
| D. | Ascorbic acid | IV. | Vinegar |

(1) A-II, B-III, C-IV, D-I
(2) A-I, B-II, C-III, D-IV
(3) A-IV, B-I, C-II, D-III
(4) A-II, B-IV, C-I, D-III

87. नीचे दिए गए कथनों में से कौन से कथन सही हैं ?

A. पशमीना शाल बकरी के बालों से बनता है।

B. अंगोरा एक प्रकार की ऊन है जो खरगोश से प्राप्त होती है।

C. ऊँट की ऊन कॉर्पेट बनाने में उपयोग होती है।

D. पशमीना ऊन खरगोश से प्राप्त होती है।

(1) A और C
(2) A और B
(3) B और C
(4) C और D

88. नीचे दिए गए लक्षणों के आधार पर जन्तु को पहचानिए :

A. लम्बा मेरुदंड (रीढ़)

B. बहुत सी माँसपेशियाँ

C. आगे को धकेलने के लिए शरीर अनेक वलयों में मुड़ा

(1) सर्प
(2) केंचुआ
(3) घोंघा
(4) अंकुश-कृमि

89. नीचे दिया गया कौन सा कथन <u>सही नहीं</u> है ?

(1) सभी धमनियाँ ऑक्सीजन समृद्ध रक्त को ले जाती हैं।
(2) सभी धमनियाँ ऑक्सीजन को हृदय से अन्य भागों में ले जाती हैं।
(3) धमनियों की भित्तियाँ मोटी होती हैं।
(4) धमनियों की भित्तियाँ प्रत्यास्थ होती हैं।

90. निम्नलिखित में से कौन मिलानों के सही क्रम को निरूपित करता है ?

| | | | |
|---|---|---|---|
| A. | एसीटिक अम्ल | I. | दही |
| B. | लैक्टिक अम्ल | II. | पालक |
| C. | ऑक्सैलिक अम्ल | III. | निम्बू-वंश फल |
| D. | एस्कॉर्बिक अम्ल | IV. | सिरका |

(1) A-II; B-III; C-IV; D-I
(2) A-I; B-II; C-III; D-IV
(3) A-IV; B-I; C-II; D-III
(4) A-II; B-IV; C-I; D-III

*IMPORTANT : Candidates have to do Question Nos. 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).*

*महत्त्वपूर्ण : परीक्षार्थियों को प्रश्न संख्या 31 से 90 या तो भाग - II (गणित व विज्ञान) या भाग - III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं ।*

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

***Directions :** Answer the following questions by selecting the correct/most appropriate options.*

**31. Which of the following are block mountains ?**

(1) Himalayas (2) Appalachians
(3) Ural (4) Vosges

**32. Statement (A) : Only one side of the moon is visible to us on Earth.**

**Statement (B) : The moon moves around the Earth in about 27 days and takes exactly the same time to complete 1 spin.**

**Select the correct option from the given alternatives.**

(1) Both (A) and (B) are true and (B) is the correct explanation of (A).
(2) Both (A) and (B) are true, but (B) is not the correct explanation of (A).
(3) (A) is true, but (B) is false.
(4) (A) is false, but (B) is true.

**33. Consider the statements A, B, C on metamorphic rocks and choose the correct answer :**

**A. When igneous and sedimentary rocks are subjected to heat and pressure they change to metamorphic rocks.**

**B. Metamorphic rocks melt to form molten magma when subjected to great heat and pressure.**

**C. Marble is a metamorphic rock.**

(1) B and C are correct and A is incorrect.
(2) A and B are correct and C is incorrect.
(3) A, B, C all are correct.
(4) A and C are correct and B is incorrect.

**34. On entering which layer of the atmosphere from space do the meteorites burn up ?**

(1) Mesosphere (2) Thermosphere
(3) Exosphere (4) Stratosphere

**निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही/सबसे उपयुक्त विकल्प चुनिए ।

**31. निम्नलिखित में से कौन भ्रंशोत्थ पर्वत है ?**

(1) हिमालय पर्वत (2) अप्लेशियन पर्वत
(3) यूराल पर्वत (4) वॉसजेस पर्वत

**32. कथन (A) : पृथ्वी से हमें चन्द्रमा का केवल एक ही भाग दिखाई पड़ता है ।**

**कथन (B) : चन्द्रमा पृथ्वी का एक चक्कर लगभग 27 दिनों में पूरा करता है और लगभग इतने ही समय में वह अपने अक्ष पर एक चक्कर भी पूरा करता है ।**

**नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन कीजिए :**

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं और (B) सही व्याख्या है (A) की ।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं परन्तु (B) सही व्याख्या नहीं है (A) की ।
(3) (A) सही है, परन्तु (B) गलत है ।
(4) (A) गलत है, परन्तु (B) सही है ।

**33. कायांतरित शैल के बारे में दिए गए A, B और C कथनों पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए :**

**A. आग्नेय और अवसादी शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में कायांतरित शैलों में परिवर्तित हो जाती है ।**

**B. कायांतरित शैल उच्च ताप और दाब के प्रभाव में पिघलकर द्रवित मैग्मा बनाते हैं ।**

**C. संगमरमर एक कायांतरित शैल है ।**

(1) B एवं C सही हैं और A गलत है ।
(2) A एवं B सही हैं और C गलत है ।
(3) A, B और C तीनों सही हैं ।
(4) A एवं C सही हैं और B गलत है ।

**34. अंतरिक्ष से प्रवेश करने वाले उल्कापिंड वायुमंडल के किस परत में आने पर जल जाते हैं ?**

(1) मध्यमंडल (2) बाह्य वायुमंडल
(3) बहिर्मंडल (4) समतापमंडल

35. Transhumance is related to
(1) Movement of people
(2) Closely built area of houses
(3) Artificial enclosures for keeping small house plants.
(4) Places where settlements develops

36. Consider the statements A and B on permanent winds and choose the correct option :
A. These winds blow constantly throughout the year in a particular direction.
B. Westerlies and Easterlies are examples of these winds.
(1) A is true, B is false.
(2) A is false, B is true.
(3) Both A and B are true.
(4) Both A and B are false.

37. Campos in Brazil and Llanos in Venezuela are examples of
(1) Temperate grasslands
(2) Tundra type of vegetation
(3) Tropical grasslands
(4) Mediterranean vegetation

38. Consider the Statements A and B about 'climate' and choose the correct answer.
A. Climate refers to the day to day changes in the atmosphere.
B. Climate of a place is affected only by its altitude and relief.
(1) A is true, B is false.
(2) A is false, B is true.
(3) Both A and B are true.
(4) Both A and B are false.

39. Identify the source of energy from the given features A and B :
A. It is a conventional source of energy.
B. This source of energy is released when crude oil is brought to surface.
(1) Biogas
(2) Natural gas
(3) Geo-thermal energy
(4) Wax

35. ऋतु प्रवास जुड़ा हुआ है
(1) लोगों के आवागमन से
(2) घरों की पास-पास बसावट से
(3) एक छोटे; घर के पौधे रखने का कृत्रिम अहाता से
(4) ऐसे स्थान जहाँ बस्तियाँ विकसित होती हैं ।

36. स्थायी पवनों के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।
A. ये पवनें वर्षभर लगातार निश्चित दिशा में चलती रहती हैं ।
B. पश्चिम एवं पूर्वी पवनें इनके उदाहरण हैं ।
(1) A सही है, B गलत है ।
(2) A गलत है, B सही है ।
(3) A और B दोनों सही हैं ।
(4) A और B दोनों गलत हैं ।

37. ब्राजील के कंपोस और वेनेजुएला के लानोस उदाहरण हैं
(1) शीतोष्ण कटिबंधीय घास स्थल के
(2) टुंड्रा प्रकार की वनस्पति के
(3) उष्ण कटिबंधीय घास स्थल के
(4) भूमध्य सागरीय वनस्पति के

38. 'जलवायु' के संबंध में कथन A और B पर विचार कीजिए और सही विकल्प का चयन कीजिए ।
A. जलवायु वायुमंडल में दिन-प्रतिदिन होने वाला परिवर्तन है ।
B. किसी स्थान की जलवायु सिर्फ उसकी ऊँचाई तथा उच्चावच पर निर्भर करती है ।
(1) A सही है, B गलत है ।
(2) A गलत है, B सही है ।
(3) A और B दोनों सही हैं ।
(4) A और B दोनों गलत हैं ।

39. दिये गए लक्षणों A और B के आधार पर ऊर्जा-स्रोत की पहचान करें :
A. यह एक परंपरागत ऊर्जा का स्रोत है ।
B. यह ऊर्जा-स्रोत तब निर्मुक्त होती है जब अपरिष्कृत तेल को धरातल पर लाया जाता है ।
(1) बायोगैस
(2) प्राकृतिक गैस
(3) भूतापीय ऊर्जा
(4) मोम

40. India's research station 'Maitri' is located in
(1) Australia
(2) Antarctica
(3) Europe
(4) Asia

41. Which of the following is not true for minerals ?
(1) They are naturally occuring substances.
(2) They have a definite chemical composition.
(3) They are formed in different types of geological environments.
(4) All minerals are non-metallic.

42. Match the following :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | Narmada Valley | i. | Early republic |
| b. | Vajji | ii. | Hunting and gathering |
| c. | Garo Hills | iii. | Cities about 2500 years ago |
| d. | Ganga Valley | iv. | The first cities |
| e. | Indus and its tributaries | v. | Early agriculture |

| | a | b | c | d | e |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv | v |
| (2) | v | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | i | v | iii | iv |
| (4) | v | iv | iii | ii | i |

43. Below are two statements (A) and (B) in the context of contemporary debates on 'dates and periods' of Indian history.
**Statement (A) :** A Periodisation like 'Hindu – Muslim – British' is appropriate as the religion of the rulers has been the only important historical change.
**Statement (B) :** It is problematic to assign precise dates and time spans to 'historical processes' that happened over a period of time.
(1) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).
(2) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A).
(3) (A) is correct, but (B) is wrong.
(4) (A) is wrong, but (B) is right.

40. भारत का शोध संस्थान "मैत्री" कहाँ अवस्थित है
(1) ऑस्ट्रेलिया
(2) अंटार्कटिका
(3) यूरोप
(4) एशिया

41. निम्नलिखित में से कौन सा कथन खनिज के संदर्भ में सही नहीं है ?
(1) ये प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाले पदार्थ हैं।
(2) इनका एक निश्चित रासायनिक संघटन होता है।
(3) ये विभिन्न प्रकार के भू वैज्ञानिक परिवेश में निर्मित होते हैं।
(4) सभी खनिज अधात्विक होते हैं।

42. निम्नलिखित का मिलान कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| a. | नर्मदा घाटी | i. | आरंभिक गणतंत्र |
| b. | वज्जी | ii. | आखेट और संग्रहण |
| c. | गारो पहाड़ियाँ | iii. | लगभग 2500 वर्ष पूर्व के शहर |
| d. | गंगा घाटी | iv. | प्रथम नगर |
| e. | सिंधु और उसकी सहायक नदियाँ | v. | आरंभिक कृषि |

| | a | b | c | d | e |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv | v |
| (2) | v | i | ii | iv | iii |
| (3) | ii | i | v | iii | iv |
| (4) | v | iv | iii | ii | i |

43. नीचे दो कथन (A) और (B) भारतीय इतिहास के 'तिथियों और काल' के समसामयिक वाद-विवादों के संदर्भ में दिए गए हैं :
**कथन (A) :** 'हिन्दु-मुस्लिम-ब्रिटिश' जैसी कालावधि उपयुक्त है, क्योंकि शासकों का धर्म ही एकमात्र महत्त्वपूर्ण ऐतिहासिक परिवर्तन रहा है।
**कथन (B) :** लम्बी समयावधि में घटित होने वाली 'ऐतिहासिक प्रक्रियाओं' को निश्चित तिथियों और काल विभाजनों के अंतर्गत लाना समस्यात्मक है।
(1) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है।
(3) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है।
(4) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है।

44. Below are the two statements in the context of new popular Indian art in the nineteenth century.

Statement (A) : Many painting mocked at the changes they saw around, ridiculing the new tastes of those who spoke in English and warned against women moving out of their homes.

Statement (B) : Images were used to express nationalist ideas and inspire people against British rule.

(1) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).

(2) Both (A) and (B) are correct, but (B) is not the correct interpretation of (A).

(3) (A) is correct, but (B) is wrong.

(4) (A) is wrong, but (B) is right.

45. Which of the following may be considered as a primary source for understanding early humans in India ?

(1) Kangra style painting

(2) Girnar rock inscription

(3) Padshahnama painting

(4) Rock paintings of Madhya Pradesh

46. Children in pre-British times were taught

(1) In state institutions.

(2) By payment of a fixed fee.

(3) Throughout the year except harvest time when they worked in the fields.

(4) For assessment through an annual exam.

44. नीचे दो कथन उन्नीसवीं शताब्दी में नई लोकप्रिय भारतीय कला के संदर्भ में है ।

कथन (A) : कई चित्रों में अपने आस पास के बदलावों का उपहास किया गया, अंग्रेजी भाषी लोगों के नए शौकों का मज़ाक तथा औरतों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई ।

कथन (B) : राष्ट्रवादी विचारों को अभिव्यक्त करने और लोगों को ब्रिटिश शासन के खिलाफ उद्वेलित करने के लिए छवियों का इस्तेमाल किया जाता था ।

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है ।

(2) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है ।

(3) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।

(4) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।

45. भारत में आरंभिक मानवों पर समझ के लिए निम्नलिखित में से किसे एक प्राथमिक स्रोत माना जा सकता है ?

(1) कांगड़ा शैली की चित्रकला

(2) गिरनार का शैल अभिलेख

(3) पादशाहनामा चित्रकला

(4) मध्यप्रदेश की शैल चित्रकला

46. ब्रिटिश काल से पहले बच्चों को पढ़ाया जाता था

(1) सरकारी संस्थानों में ।

(2) एक निश्चित फीस लेकर ।

(3) साल भर, फसल की कटाई के समय छोड़कर, जब वे खेतों में काम करते थे ।

(4) वार्षिक परीक्षा के माध्यम से मूल्यांकन के लिए ।

47. Below are two statements (A) and (B) in the context of emergence of nation states in Europe in 18-19th centuries.

Statement (A) : Till the eighteenth century, people in Europe saw themselves as nation states.

Statement (B) : A consciousness was created in the early nineteenth century among the people that each linguistic community was a separate nation.

(1) Both (A) and (B) are correct and (B) is the correct interpretation of (A).
(2) Both (A) and (B) are correct but (B) is not the correct interpretation of (A).
(3) (A) is correct, but (B) is wrong.
(4) (A) is wrong, but (B) is correct.

48. BCE stands for
(1) Before Christian Era
(2) Before Common Era
(3) Before Caesar Era
(4) Before Contemporary Era

49. How do we know today that ostriches were found in India during the Palaeolithic period ?
(1) We have vivid description of these birds in the writings of that time.
(2) Large quantities of ostrich egg shells were found at Patne in Maharasthra.
(3) We have archived oral memories on ostriches in Delhi's National Museum.
(4) These are described in the memories of foreign travellers.

50. How did the Harappan civilization come to an end ?
A. It appears as if the rulers lost control.
B. There could have been deforestation in the area.
C. There were floods in the entire area of the civilization.
D. The rivers dried up probably.

Choose the correct explanation.
(1) A, B, C
(2) A, B, D
(3) A, C, D
(4) B, C, D

47. नीचे दो कथन (A) और (B) 18-19 वीं शताब्दियों में यूरोप में राष्ट्र राज्यों के उदय संदर्भ में है ।

कथन (A) : अठारहवीं शताब्दी तक यूरोप के लोग स्वयं को राष्ट्र-राज्य के रूप में देखते थे ।

कथन (B) : प्रारंभिक उन्नीसवीं शताब्दी में लोगों को यह बोध कराया गया कि प्रत्येक भाषी समुदाय एक अलग राष्ट्र था ।

(1) (A) और (B) दोनों सही हैं तथा (A) की सही व्याख्या (B) है ।
(2) (A) और (B) दोनों सही हैं किन्तु (A) की सही व्याख्या (B) नहीं है ।
(3) (A) सही है, किन्तु (B) गलत है ।
(4) (A) गलत है, किन्तु (B) सही है ।

48. बी.सी.ई. का तात्पर्य है
(1) बिफ़ोर क्रिश्चन एरा
(2) बिफ़ोर कॉमन एरा
(3) बिफ़ोर सीज़र एरा
(4) बिफ़ोर कॅन्टिंपररी एरा

49. हम यह आज कैसे जानते हैं कि पुरापाषाण युग में भारत में शुतुरमुर्ग होते थे ?
(1) उस समय की कृतियों में इन पक्षियों का विविध लेख हमें मिलता है ।
(2) महाराष्ट्र के पटने पुरास्थल से शुतुरमुर्ग के अंडों के अवशेष मिलें हैं ।
(3) शतुरमुर्गों पर मौखिक स्मृतियाँ हमारे पास दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय में अभिलेखित हैं ।
(4) विदेशी यात्रियों के वृतान्तों में इनका वर्णन है ।

50. हड़प्पा सभ्यता का पतन कैसे हुआ ?
A. ऐसा लगता है कि शासकों का नियंत्रण समाप्त हो गया ।
B. जंगलों का विनाश हो गया होगा ।
C. सभ्यता के पूरे क्षेत्र में बाढ़ आ गई ।
D. संभवत: नदियाँ सूख गई थीं ।

सही व्याख्या का चयन करें :
(1) A, B, C
(2) A, B, D
(3) A, C, D
(4) B, C, D

51. Under the Mahayana Buddhism

(1) Buddha's presence was shown in sculpture by using certain signs.

(2) Statues of Buddha were made.

(3) Bodhisattvas were not accepted as they were yet to attain enlightenment.

(4) Mathura and Taxila declined as centres of sculpture.

52. **What is true in the context of administration and consolidation under the Khaljis and Tughlaqs ?**

(1) Large parts of the subcontinent remained under the control of the Delhi Sultans.

(2) The forested areas in the gangetic plain were penetrated for the first time.

(3) It was difficult to control distant provinces like Bengal from Delhi.

(4) Alauddin Khalji and Muhammad Tughlaq forced their control in the gangetic plains for a longer duration.

53. **Which of the following statements is <u>incorrect</u> in the historical reconstruction of tribal people ?**

(1) Contemporary historians and travellers give scanty information about tribes.

(2) Most tribal groups kept written records.

(3) Tribal people preserved rich customs and oral traditions.

(4) Tribal societies depended on each other for their diverse needs.

51. महायान बौद्ध धर्म के अंतर्गत :

(1) मूर्तियों में बुद्ध की उपस्थिति सिर्फ कुछ संकेतों के माध्यम से दर्शाई जाती थी ।

(2) बुद्ध की प्रतिमाएँ बनाई जाने लगीं ।

(3) बोधिसत्वों को नहीं स्वीकारा गया क्योंकि उन्हें अभी भी ज्ञान प्राप्ति करना बाकी था ।

(4) मूर्तिकला के केन्द्रों के रूप में मथुरा एवं तक्षशिला का पतन हुआ ।

52. **ख़लजी और तुग़लक वंश के अंतर्गत प्रशासन और समेकन के संदर्भ में सही क्या है ?**

(1) उपमहाद्वीप का काफ़ी बड़ा हिस्सा दिल्ली के सुलतानों के अधिकार में रहा ।

(2) गंगा के मैदानी इलाके के घने जंगलों वाले क्षेत्र को पहली बार पैठा गया ।

(3) दिल्ली से बंगाल जैसे सुदूर प्रांतों का नियंत्रण कठिन था ।

(4) अलाउद्दीन ख़लजी और मुहम्मद तुग़लक़ गंगा के मैदानी इलाकों पर ज़ोर जबरदस्ती अपना अधिकार लंबे समय तक रख पाए ।

53. **जनजातीय लोगों के इतिहास के पुनर्निर्माण में निम्न में से कौन कथन <u>गलत</u> है ?**

(1) समकालीन इतिहासकार और मुसाफ़िरों ने जनजातियों के बारे में बहुत कम जानकारी दी है ।

(2) अधिकांश जनजातीय समूहों ने लिखित दस्तावेज़ रखा है ।

(3) जनजातीय लोगों ने समृद्ध रीति-रिवाजों और मौखिक परंपराओं का संरक्षण किया है ।

(4) जनजातीय समाज अपनी विविध किस्म की ज़रूरतों के लिए एक-दूसरे पर निर्भर रहा ।

54. **How did the British consolidate their control over India after the Revolt of 1857 ?**

(1) By transfer of powers of the East India company to the British crown for a more responsible management of Indian affairs.

(2) By recruiting more soldiers from Awadh, Bihar, Central India and South India.

(3) By making policies to protect the landless and peasants.

(4) By appeasement and safeguarding property rights.

55. **Which of the following NOT a feature of Representative Democracy ?**

(1) Representatives chosen through elections.

(2) Decision making in the hands of the representatives.

(3) Direct participation of people in decision making.

(4) Franchise rights to people.

56. **Which particular region in India is known as the 'Little Tibet' ?**

(1) Ladakh

(2) Arunachal Pradesh

(3) Sikkim

(4) Himachal Pradesh

57. **What is the appellate system in India ?**

(1) provision for applying for judicial services.

(2) provision for appeal in the Parliament against a court order.

(3) provision for the Executive Head of the State acting as the highest appellate authority.

(4) provision for appeal to a higher court against the decision of a lower court.

54. **1857 के विद्रोह के बाद अंग्रेजों ने किस प्रकार भारत पर अपने नियंत्रण को समेकित किया ?**

(1) ईस्ट इंडिया कंपनी के सारे अधिकार ब्रिटिश साम्राज्य के हाथ में सौंप कर ताकि भारतीय मामलों को ज्यादा बेहतर ढंग से सँभाला जा सके ।

(2) अवध, बिहार, मध्य भारत और दक्षिण भारत से ज्यादा सिपाहियों की भर्ती कर ।

(3) भूमिहीनों तथा किसानों की रक्षा के लिए नीतियाँ बनाकर ।

(4) तुष्टिकरण तथा संपत्ति अधिकारों की सुरक्षा करके ।

55. **निम्नलिखित में से क्या प्रतिनिधि लोकतंत्र की विशेषता नहीं है ?**

(1) मतदान द्वारा प्रतिनिधि का चुनाव

(2) प्रतिनिधियों के हाथ में निर्णय-निर्माण की प्रक्रिया

(3) जनता की निर्णय निर्माण की प्रक्रिया में प्रत्यक्ष सहभागिता

(4) जनता को मतदान का अधिकार

56. **भारत के किस क्षेत्र को 'छोटा तिब्बत' कहा गया है ?**

(1) लद्दाख

(2) अरुणाचल प्रदेश

(3) सिक्किम

(4) हिमाचल प्रदेश

57. **भारत में अपील प्रणाली या पौनर्वादिक प्रणाली किसे कहते हैं ?**

(1) न्यायिक सेवा में आवेदन का प्रावधान ।

(2) न्यायालय के आदेश के खिलाफ संसद में अपील का प्रावधान ।

(3) राज्य कार्यपालिका प्रमुख का सर्वोच्च अपील प्राधिकारी के रूप में कार्यरत होने का प्रावधान ।

(4) निचली न्यायालय के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील का प्रावधान ।

58. Which of the following is NOT a feature of Peninsular Plateau ?

(1) It lies to the South of Northern plains.

(2) Aravali Hills border it on the North-West side.

(3) It is rich in minerals like coal and iron-ore.

(4) Rivers Mahanadi and Krishna are some of the west flowing rivers in the plateau.

59. Which of the following statements about Africa is correct ?

(1) A large part of Africa lies in the Southern Hemisphere.

(2) It is the only continent through which the Tropic of Cancer, Equator and Tropic of Capricorn pass.

(3) Gobi desert is located in this continent.

(4) It is separated from Asia by Ural mountains on the west.

60. **The Southern parts of India particularly Tamil Nadu and Andhra Pradesh receive rainfall in Autumn because**

(1) winds move back from the mainland to the Bay of Bengal.

(2) winds blow from Arabian Sea to Bay of Bengal.

(3) winds blow from Bay of Bengal to Arabian Sea.

(4) winds move back from mainland to Arabian Sea.

58. निम्नलिखित में से कौन सा प्रायद्वीपीय पठार का लक्षण नहीं है ?

(1) यह उत्तरी मैदानों के दक्षिण में स्थित है ।

(2) इसके उत्तर-पश्चिम में अरावली श्रृंखला स्थित है ।

(3) यहाँ कोयला एवं लौह अयस्क जैसे खनिजों की प्रचुरता है ।

(4) इस पठार पर पश्चिम की ओर बहने वाली महानदी और कृष्णा नदियाँ मौजूद हैं ।

59. निम्नलिखित में से कौन सा कथन अफ्रीका के बारे में सही है ?

(1) अफ्रीका का बहुत बड़ा भाग दक्षिणी गोलार्द्ध में स्थित है ।

(2) यही एक ऐसा महाद्वीप है जिससे होकर कर्क, विषुवत् तथा मकर, रेखाएँ गुज़रती हैं ।

(3) गोबी मरुस्थल इस महाद्वीप में स्थित है ।

(4) इसके पश्चिम में यूराल पर्वत है जो इसे एशिया से अलग करता है ।

60. **भारत के दक्षिणी भागों विशेषकर तमिलनाडु और आंध्रप्रदेश में शरद् ऋतु में वर्षा होती है, क्योंकि**

(1) पवन स्थल भागों से लौटकर बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है ।

(2) पवन अरब सागर से बंगाल की खाड़ी की ओर बहती है ।

(3) पवन बंगाल की खाड़ी से अरब सागर की तरफ बहती है ।

(4) पवन स्थल भागों से लौटकर अरब सागर की ओर बहती है ।

**61. What is known as the Costa Rican approach in the area of public health ?**
(1) equal spending on health and defence.
(2) defence budget to be more than health budget.
(3) not having an army to maintain to be able to spend more on public health.
(4) spending on the health of the armymen.

**62. In 1997, the Supreme Court in India formulated the Vishakha guidelines to protect women from sexual harassment ________.**
(1) in vehicles
(2) at work places
(3) in marital relationship
(4) on streets

**63. Who amongst the following appoints the governor of a state in India ?**
(1) Members of the Legislative Assembly
(2) Members of the Parliament
(3) Central Government
(4) Attorney General

**64. Who among the following is not a rural administration officer ?**
(1) Patwari
(2) Municipal ward councillor
(3) Land record officer
(4) Lekhpal

**65. What are the D.K. Basu guidelines which were laid down by the Supreme Court of India ?**
(1) guidelines related to prevention of sexual harassment at workplace.
(2) guidelines related to protection of children from hazardous employment.
(3) guidelines related to protection of women from domestic violence.
(4) guidelines related to the procedures to be followed by police for arrest, detention and interrogation.

61. जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में कोस्टा रीका उपागम किसे कहा गया है ?
(1) स्वास्थ्य और सुरक्षा पर एक समान खर्च करना ।
(2) सुरक्षा बजट पर स्वास्थ्य बजट से ज्यादा खर्च करना ।
(3) सैन्य बल ना रखना ताकि जन स्वास्थ्य पर ज्यादा खर्च किया जा सके ।
(4) सेना के जवानों के स्वास्थ्य पर खर्चा करना ।

62. 1997 में भारतीय उच्चतम न्यायालय ने विशाखा निर्देश की रचना महिलाओं को ______ यौन उत्पीड़न से बचाने के लिए की ।
(1) गाड़ियों में
(2) कार्यस्थलों पर
(3) वैवाहिक संबंधों में
(4) सड़कों पर

63. निम्नलिखित में से कौन, भारत में एक राज्य के राज्यपाल की नियुक्ति करते हैं ?
(1) विधानसभा के सदस्य
(2) संसद के सदस्य
(3) केन्द्र सरकार
(4) अटार्नी जनरल

64. निम्नलिखित में से कौन ग्रामीण प्रशासनिक अधिकारी नहीं है ?
(1) पटवारी
(2) नगर निगम वार्ड काउंसिलर
(3) भूमि रिकार्ड अधिकारी
(4) लेखपाल

65. भारतीय उच्चतम न्यायालय द्वारा दिये गये डी.के.बासु निर्देश क्या हैं ?
(1) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की रोकथाम के लिए निर्देश ।
(2) बच्चों के हानिकारक रोज़गारों से बचाव के लिए निर्देश ।
(3) घरेलू हिंसा से महिलाओं के बचाव के लिए निर्देश ।
(4) गिरफ्तारी, नज़रबन्दी और पूछ-ताछ के दौरान पुलिस द्वारा पालन की जाने वाली प्रक्रियाओं से जुड़े निर्देश ।

66. The Forest Rights Act, 2006 in its title recognizes the rights of which category ?
(1) Scheduled Tribes
(2) Scheduled Castes
(3) Economically Backward Classes
(4) Most Backward Classes

67. An example of secondary source is
(1) The Constitution of India
(2) Census Report, 2011
(3) Record of Registration of Births and Deaths.
(4) Our Pasts (I) – NCERT textbook in history for class 6

68. Consider the two statements below :
A. Examinations are artificial situations created for the convenience of the system and not for the individual learner.
B. A shift in emphasis on testing competencies and away from memory would reduce stress in social science classrooms.
(1) Only statement A is true.
(2) Both statements A and B are true.
(3) Statement A is true but statement B is false.
(4) Statement B is true but statement A is false.

69. The main aim of a social science teacher should be
(1) to develop competition among students.
(2) to develop an awareness of connections between all elements that shape society.
(3) to make learners memorize the socio-historical facts.
(4) to prepare learners in maintaining the status quo in the society and accept all decisions of the government.

66. वन अधिकार कानून-2006 अपने शीर्षक में कौन सी श्रेणी के अधिकारों को स्वीकारता है ?
(1) अनुसूचित जनजातियाँ
(2) अनुसूचित जातियाँ
(3) आर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग
(4) अति पिछड़ी जातियाँ

67. द्वितीयक स्रोत का एक उदाहरण है
(1) भारत का संविधान
(2) जनगणना रिपोर्ट, 2011
(3) जन्म एवं मृत्यु के पंजीकरण रिकार्ड
(4) हमारे अतीत-(I) – कक्षा 6 के लिए एन.सी.ई.आर.टी. की इतिहास की पाठ्यपुस्तक

68. नीचे दिए दो कथनों पर विचार कीजिए :
A. परीक्षाएँ, तंत्र की सुविधा के लिए निर्मित कृत्रिम परिस्थितियाँ हैं, न कि व्यक्तिगत शिक्षार्थी के लिए ।
B. स्मृति परीक्षण से दूर दक्षताओं के परीक्षण पर ज़ोर के रूप में बदलाव सामाजिक विज्ञान की कक्षाओं में तनाव को कम करेगा ।
(1) केवल कथन A सही है ।
(2) दोनों कथन A एवं B सही हैं ।
(3) कथन A सही है, किन्तु कथन B गलत है ।
(4) कथन B सही है, किन्तु कथन A गलत है ।

69. सामाजिक विज्ञान के अध्यापक/अध्यापिका का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए :
(1) शिक्षार्थियों में प्रतिस्पर्धा जागृत करना ।
(2) सभी तत्त्व जो समाज का निर्माण करते हैं, उनके बीच के संबंधों का बोध कराना ।
(3) शिक्षार्थियों को सामाजिक-ऐतिहासिक तथ्य याद करवाना ।
(4) समाज में यथास्थिति बनाए रखने तथा सरकार के सभी निर्णयों को स्वीकार करने के लिए शिक्षार्थियों को तैयार कराना ।

70. The primary purpose of assessment in social science is
(1) To recall textbook knowledge and reduce exam stress for all learners.
(2) Categorising and labelling learners.
(3) To highlight social differences amongst the learners.
(4) To give learners feedback and setting standards for them to strive towards.

71. **Films can be used as an effective pedagogic tool in the social science classrooms because**
A. **films can bring the world into the classroom.**
B. **films inspire us with the power of discovering the unseen and the unheard contexts.**
C. **films bring stories, voices and images that in life may be far removed from us.**
D. **films are objective medium which can encourage learners to frame their views in a singular manner.**

**Choose the correct option.**
(1) A, B, C
(2) A, B, D
(3) A, C, D
(4) B, C, D

72. **Which of the following statements is correct in the context of using map in a classroom ?**
A. **Map is a socio-political construct.**
B. **From time immemorial, 'North' has always been shown at the top of a map in all socio-political contexts.**
C. **Map is a three dimensional device whereas we live in a two dimensional world.**
D. **Map is an aid to develop a 'sense of time' in learners.**

**Choose the correct option.**
(1) Only A
(2) Only B
(3) Only C and D
(4) A, B and C

70. सामाजिक विज्ञान में आकलन का मुख्य उद्देश्य है
(1) पाठ्यपुस्तकीय ज्ञान को याद करने की क्षमताओं का परीक्षण तथा सभी शिक्षार्थियों के लिए परीक्षा के तनाव को कम करना ।
(2) शिक्षार्थियों को वर्गीकृत करने एवं चिह्नित करने के लिए ।
(3) शिक्षार्थियों के बीच सामाजिक विभेदों को दर्शाने के लिए ।
(4) शिक्षार्थियों को प्रतिपुष्टि देना तथा मानक स्थापित करना जिनको पाने के लिए वे प्रयासरत रहें ।

71. सामाजिक विज्ञान की कक्षा में फिल्मों को एक प्रभावी शैक्षणिक उपकरण के रूप में उपयोग किया जा सकता है क्योंकि :
A. फिल्में कक्षा के भीतर बाहरी दुनिया को ला सकती हैं ।
B. फिल्में अनदेखे और अनसुने संदर्भों को खोजने की शक्ति से प्रेरित करते हैं ।
C. फिल्में ऐसी कहानियों, संवादों और छवियों को सामने लाती हैं जो जीवन में हमसे दूर हो सकती हैं ।
D. फिल्में एक वस्तुनिष्ठ माध्यम हैं जो छात्रों को एक ही तरीके से अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं ।

सही विकल्प का चयन करें :
(1) A, B, C (2) A, B, D
(3) A, C, D (4) B, C, D

72. कक्षा में मानचित्र के प्रयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में सही कौन है ?
A. मानचित्र एक सामाजिक-राजनीतिक निर्मिति है ।
B. चिरकाल से 'उत्तर' को सदा सभी सामाजिक-राजनीतिक संदर्भों में मानचित्र में ऊपर दर्शाया गया है ।
C. मानचित्र एक त्रि-आयामी साधन है जबकि हम एक दो-आयामी दुनिया में रहते हैं ।
D. शिक्षार्थियों में 'समय की अवधारणा' को विकसित करने के लिए मानचित्र एक सहायक सामग्री है ।

सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल A (2) केवल B
(3) केवल C तथा D (4) A, B तथा C

73. In an effort to connect learning with learner's life, the social science teacher needs to
A. intentionally and explicitly includes diverse cultural perspectives in the subject content.
B. point out the personal and family backgrounds of the learners in the class.
C. give learners opportunity to share their examples and experiences in the class.
Choose the correct option.
(1) A and B are correct.
(2) A and C are correct.
(3) B and C are correct.
(4) Only B is correct.

74. While teaching history, 'genealogy chart' is used to
A. Represent the growth and development of an empire or a dynasty.
B. Show sequence and functional relationships.
C. Provide a chronological framework.
D. Develop a sense of space in learners.
Choose the correct option.
(1) A, B and C are correct.
(2) A, C and D are correct.
(3) B, C and D are correct.
(4) Only C and D are correct.

75. What adaptations in the teaching -learning process should a social science teacher make while engaging with learners who are visually challenged ?
A. Speak clearly and loudly with appropriate pauses and reiterations.
B. Use a variety of visually appealing worksheets.
C. Give verbal clues to create opportunities to imagine.
D. Introduce tactile materials during class room discussions.
Choose the correct option.
(1) A and B only
(2) A, C and D only
(3) B only
(4) B, C and D only

73. शिक्षार्थियों के जीवन से अधिगम को जोड़ने के प्रयास में सामाजिक विज्ञान के शिक्षक को चाहिए कि :
A. विषय-वस्तु में विविध सांस्कृतिक दृष्टिकोणों को इरादतन (जानबूझकर) एवं सुस्पष्ट शामिल करें ।
B. कक्षा में शिक्षार्थियों को उनके निजी एवं पारिवारिक संदर्भ से चिह्नित करना ।
C. शिक्षार्थियों को अपने उदाहरणों एवं अनुभवों को कक्षा में साझा करने के लिए मौका दे ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) A तथा B सही हैं ।
(2) A एवं C सही हैं ।
(3) B एवं C सही हैं ।
(4) केवल B सही है ।

74. इतिहास पढ़ाते वक्त 'वंशावली चार्ट' का प्रयोग होता है
A. किसी साम्राज्य या वंश के वर्धन एवं विकास को चित्रित करने के लिए ।
B. अनुक्रम एवं प्रकार्यात्मक संबंधों को दर्शाने के लिए ।
C. एक कालक्रमिक रूपरेखा देने के लिए ।
D. शिक्षार्थियों में स्थान की अवधारणा विकसित करने के लिए ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) A, B तथा C सही हैं ।
(2) A, C तथा D सही हैं ।
(3) B, C तथा D सही हैं ।
(4) केवल C तथा D सही हैं ।

75. दृष्टि बाधित शिक्षार्थियों के साथ कार्य करते समय एक सामाजिक विज्ञान शिक्षक को किस प्रकार से शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में अनुकूलन करना चाहिए ?
A. यथोचित विराम तथा पुनरावृत्ति के साथ स्पष्ट एवं उच्च आवाज में बोलना ।
B. विविध प्रकार के आकर्षक दृश्यों वाले कार्यपत्रों का प्रयोग करना ।
C. मौखिक संकेतों द्वारा कल्पना करने के अवसरों को उत्पन्न करना ।
D. कक्षा में चर्चा के दौरान 'टेक्टाइल' (स्पर्श करने वाली) सामग्रियों को शामिल करना ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल A तथा B
(2) केवल A, C तथा D
(3) केवल B
(4) केवल B, C तथा D

76. Consider the statements on project method in social science teaching :
A. It is inspired by pragmatic perspective.
B. It turns learners into a discoverer.
C. It is entirely a teacher-centered method.
D. It allows learning through self-directed activity.
Choose the correct option :
(1) A and B are correct.
(2) A, B and C are correct.
(3) A, B and D are correct.
(4) A, C and D are correct.

77. A social science teacher willing to enquire with a constructivist perspective would view the learners as
A. Curious to explore on social processes.
B. Imaginative on the basis of sources.
C. Trying to suggest solutions to problems.
D. Postponing discussions on controversial issues for higher education level.
Choose the correct option.
(1) A and B only
(2) A, B and C only
(3) A, B and D only
(4) B, C and D only

78. Which of the following may be helpful towards making social science curriculum more inclusive ?
A. Engendering the curriculum
B. Uniform instructions and a fixed teaching way in classroom.
C. Engaging with different sources – official as well as of subaltern contexts.
D. One exam paper fitting all learners.
Choose the correct option.
(1) A and B only
(2) A and C only
(3) B and D only
(4) B, C and D only

76. सामाजिक विज्ञान शिक्षण में 'प्रोजेक्ट विधि' के कथनों पर विचार करें :
A. यह उपयोगितावादी दृष्टिकोण से प्रेरित है ।
B. यह शिक्षार्थियों को खोजी बना देता है ।
C. यह पूर्णरूपेण एक शिक्षक केन्द्रित विधि है ।
D. यह स्व-निर्देशित क्रियाकलापों द्वारा अधिगम को मानती है ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) A एवं B सही हैं ।
(2) A, B एवं C सही हैं ।
(3) A, B एवं D सही हैं ।
(4) A, C एवं D सही हैं ।

77. अन्वेषण को इच्छुक रचनात्मक दृष्टिकोण से एक सामाजिक विज्ञान की शिक्षिका अपने शिक्षार्थियों को किस रूप में देखेगी ?
A. सामाजिक प्रक्रियाओं में खोज करने को उत्सुक ।
B. स्रोतों के आधार पर कल्पनाशील ।
C. समस्याओं के समाधान के सुझावों की कोशिश करने वाले ।
D. विवादास्पद मुद्दों को उच्चतर शिक्षा के स्तर पर चर्चा करने के लिए स्थगित करने वाले ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल A एवं B
(2) केवल A, B एवं C
(3) केवल A, B एवं D
(4) केवल B, C एवं D

78. सामाजिक विज्ञान के पाठ्यचर्या को अधिक समावेशी बनाने में निम्न में से कौन सहायक हो सकता है?
A. पाठ्यचर्या को जेंडर सम्बन्धित मुद्दों से जोड़ना ।
B. कक्षा में एकरूप निर्देश एवं एक निश्चित शिक्षण शैली ।
C. विभिन्न स्रोतों को शामिल करना अधिकारिक एवं निम्नवर्गीय प्रसंगों के ।
D. एक परीक्षापत्र सभी शिक्षार्थियों के लिए ।
सही विकल्प का चयन करें :
(1) केवल A एवं B
(2) केवल A एवं C
(3) केवल B एवं D
(4) केवल B, C एवं D

79. **Why should students learn to be critical ?**

(1) To point out flaws and being cynical about everything.

(2) To maintain the status quo in society.

(3) To understand how issues are related to their own lives.

(4) To appreciate uniform, homogeneous perspective.

80. **Select the example that represents diversity from the following examples :**

(1) Saroj got the chance to go to school while Nirmala did not get the chance to go to school.

(2) Allen belongs to a poor family, while Simon's family is very rich.

(3) Raghu does not want to include Suresh in the football team because he comes from a particular community of society.

(4) Paritosh known good Bangla; whereas Suchita speakes Hindi.

81. **A social science excursion trip in a school involved a visit to Ziro, Bombdila, Namdapha National Park, Tawang and Leisang village. On which medium could you ask the students to mark the two states they had visited ?**

(1) Mizoram and Meghalaya on a map

(2) Manipur and Sikkim on a timeline

(3) Arunachal Pradesh and Manipur on a map

(4) Nagaland and Tripura on a time line

79. **विद्यार्थियों को विवेचनात्मक होना क्यों सीखना चाहिए ?**

(1) कमियों को इंगित करने के लिए एवं लगभग सभी चीजों पर दोषदर्शी होने के लिए।

(2) समाज में यथा-स्थिति बनाए रखने के लिए।

(3) यह समझने के लिए कि मुद्दे उनकी खुद की जिंदगी से कैसे जुड़े हुए हैं।

(4) एकरूप, समशील दृष्टिकोण की कद्र करने के लिए।

80. **निम्नलिखित उदाहरणों में से विविधता को दर्शाने वाले उदाहरण का चयन करें :**

(1) सरोज को स्कूल जाने का मौका मिला जबकि निर्मला को स्कूल जाने का मौका नहीं मिला।

(2) एलेन एक गरीब परिवार से वास्ता रखता है, जबकि साईमन का परिवार बहुत अमीर है।

(3) रघु सुरेश को फुटबॉल की टीम में शामिल नहीं करना चाहता है क्योंकि वह समाज के एक खास समुदाय से आता है।

(4) परितोष को बांग्ला अच्छी आती है, वही सुचिता हिंदी बोलती है।

81. **एक स्कूल के सामाजिक विज्ञान के शैक्षणिक भ्रमण में ज़ीरो, बोमडिला, नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान, तवांग तथा लिसांग गाँव को शामिल किया गया। किस माध्यम से विद्यार्थियों को आप भ्रमण किए गए दो राज्यों को इंगित करने को कहेंगे ?**

(1) मिज़ोरम एवं मेघालय एक मानचित्र पर

(2) मणिपुर एवं सिकिम एक समय रेखा पर

(3) अरुणाचल प्रदेश एवं मणिपुर एक मानचित्र पर

(4) नागालैंड एवं त्रिपुरा एक समय रेखा पर

**82. Contemporary understanding of social science pedagogy encourages teachers to do all of the following, except :**

(1) Encourage learners to learn by reading local experiences of others and finding about their own.

(2) Promoting all learners to give identical answers to questions so that all improve.

(3) Appreciate learners ability to make questions on the given subject content and accepting it as a valid test of learning.

(4) Give opportunities to learners to use their knowledge developed in the classroom at concrete situations.

**83. The following is not an example of gender stereotyping :**

(1) Only boys being encouraged to participate in the football tournament.

(2) Only the girls in class are asked to decorate the class boards.

(3) While boys try to monopolise the class discussions, attention is given to both girls and boys to encourage participation.

(4) Boys and girls are made to sit in separate rows for ensuring discipline in class.

**84. Effective teaching of social science would require :**

**A. Perpetuating all cultural practices of the past.**

**B. Critical analysis of literary texts, howsoever old they may be.**

**C. Discarding all sources which are non-textual.**

**D. Giving primacy to triangulation of sources.**

**Choose the correct option.**

(1) A and C only

(2) B and C only

(3) B and D only

(4) C and D only

**82. सामाजिक विज्ञान की समसामयिक समझ अध्यापकों को निम्नलिखित सभी को करने को प्रोत्साहित करती है, केवल इसको छोड़कर :**

(1) शिक्षार्थियों को दूसरों के स्थानीय अनुभवों को पढ़ने तथा स्वयं के अनुभवों को खोजने के लिए।

(2) प्रश्नों के समान उत्तर देने के लिए शिक्षार्थियों को प्रोत्साहन देना जिससे कि सभी बेहतर बन सकें।

(3) शिक्षार्थियों को दिए गए विषयवस्तु पर प्रश्न बनाने की क्षमता के लिए प्रशंसा करना तथा उसे अधिगम की जाँच के लिए वैध स्वीकारना।

